संजय गांधी स्नातकोत्तरआयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
**Sanjay Gandhi Postgraduate Institute of Medical Sciences**
**Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA**
**Phones: 0522-2668004-8,2668700-800-900**
**Fax: 91-0522- 2668017,2668078**

**पत्रांक–पी0 जी0 आई0/मुख्य चिकि0 अधी0/अधि0/3597/2026** **दिनांक : 10 जून, 2026**

## कार्यालय आदेश

संस्थान परिसर में बड़े मंगल पर प्रसाद वितरण हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में निदेशक को प्राप्त हो रहे अनुरोध के क्रम में दिनांक 09 जून, 2026 को निदेशक कक्ष में एक उच्च स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में की गई संस्तुतियों/मानक संचालन प्रक्रिया (S.O.P.) को निदेशक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

अतः आयोजक/आयोजकों द्वारा किये जाने वाले अनुरोध के क्रम में संस्थान परिसर में बड़े मंगल पर प्रसाद वितरण हेतु अनुमति निम्नलिखित शर्तों/मानक संचालन प्रक्रिया (Standard Operating Procedure) के अधीन प्रदान की जायेगी –

1) नोडल अधिकारी (सुरक्षा एवं स्वच्छता) से NOC प्राप्त करने के उपरांत, आयोजक/आयोजकों द्वारा अपना आवेदन/प्रार्थना–पत्र प्रत्येक वर्ष के 1 अप्रैल से इस आदेश के साथ संलग्न घोषणा पत्र/डिक्लेरेशन फॉर्म के साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को प्रस्तुत किया जाएगा।
2) अनुमति किसी एक नामित व्यक्ति/जिम्मेदार व्यक्ति को प्रदान की जाएगी।
3) एक दिन के लिए आयोजन हेतु अधिकतम केवल 3 व्यक्ति को ही अनुमति दी जाएगी। आवेदकों को प्रथम आगत प्रथम पावत के आधार पर अनुमति प्रदान की जाएगी।
4) प्रसाद वितरण समारोह के लिए निर्धारित क्षेत्र प्लास्टिक मुक्त रहेगा (केवल जैव–अपघटनीय वस्तुओं का उपयोग किया जाएगा)।
5) आयोजक/आयोजकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि यातायात का प्रवाह सुचारू रहे और किसी भी समय जाम या अवरोध की स्थिति उत्पन्न न हो। कोई भी गतिविधि वाहन या पैदल यातायात में बाधा नहीं डालेगी। आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6) भीड़ प्रबंधन, अनुशासन बनाए रखने तथा स्वच्छता और यातायात संबंधी आवश्यकताओं के अनुपालन हेतु पर्याप्त संख्या में क्यू मैनेजर/स्वयं सेवकों की तैनाती किया जाना अनिवार्य होगा।
7) भोजन वितरण एक ही सुव्यवस्थित कतार (लाइन) के माध्यम से किया जाएगा। जनता एकल कतार में एक निर्दिष्ट प्रवेश बिंदु से प्रवेश करेगी और दूसरे निर्दिष्ट निकास बिंदु से बाहर निकलेगी। किसी भी परिस्थिति में यह कतार पैदल मार्ग की चौड़ाई के 3 फीट से अधिक क्षेत्र पर नहीं फैलेगी।
8) पूरे आयोजन के दौरान स्वच्छता का कड़ाई से पालन किया जाएगा। भोजन के रैपर, प्लेट, कप या किसी भी प्रकार के कचरे का इधर–उधर फेंकना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।
9) पर्याप्त संख्या में डस्टबिन और कचरा संग्रहण की व्यवस्था आयोजक द्वारा की जाएगी। समारोह के समापन के बाद आयोजन स्थल की पूरी सफाई कर आयोजक उसे उसकी मूल स्थिति में पुनः बहाल करेंगे
10) प्रसाद वितरण के दौरान वितरित किए जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता की संपूर्ण जिम्मेदारी आयोजक/आयोजकों की होगी
11) किसी प्रकार की आकस्मिकता अथवा प्रदान की गई अनुमति की शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में, प्रदत्त अनुमति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से निरस्त की जा सकेगी।

क्रमशः पृष्ठ सं0–02

12) प्रसाद वितरण समारोह के आयोजन हेतु संस्थान परिसर में निर्धारित क्षेत्र गेट नंबर 2 के निकास "(एग्जिट) साइड" स्थित "शेड क्षेत्र" एवं एपेक्स ट्रॉमा सेंटर (ATC) के गेट नंबर 2 को निर्धारित किया गया है।

13) उपर्युक्त शर्तों/मानक संचालन प्रक्रिया/स्थान/समयावधि में परिवर्तन का अधिकार संस्थान के निदेशक को होगा।

संलग्नक–घोषणा–पत्र।

10-06-2026

डा0 (प्रो0) देवेन्द्र गुप्ता
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
Prof. Devendra Gupta
CMS
S.G.P.G.I.M.S., Lko.

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
2. अपर निदेशक, संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
3. संकायाध्यक्ष, संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
4. कार्यकारी कुलसचिव, संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
6. संयुक्त निदेशक (प्रशा0), संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
7. संयुक्त निदेशक (सा0 प्र0), संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
8. वित्त अधिकारी, संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
9. विभागाध्यक्ष, बायोस्टेटिसटिक्स एण्ड हेल्थ इन्फारमेटिक्स, संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया इस आदेश एवं संलग्न घोषणा–पत्र को संस्थान की बेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
10. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।
11. गार्ड फाइल।

10-06-2026

डा0 (प्रो0) देवेन्द्र गुप्ता
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
Prof. Devendra Gupta
CMS
S.G.P.G.I.M.S., Lko.

संजय गांधी स्नातकोत्तरआयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
**Sanjay Gandhi Postgraduate Institute of Medical Sciences**
**Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA**
**Phones: 0522-2668004-8,2668700-800-900**
**Fax: 91-0522- 2668017,2668078**

आत्मना सर्गो जितः

**संस्थान द्वारा निर्धारित किये गये स्थान/क्षेत्र में बड़े मंगल पर प्रसाद वितरण समारोह आयोजित किये जाने हेतु मुख्य आयोजक द्वारा दिया जाने वाला घोषणा–पत्र/डिक्लेरेशन फॉर्म**

सेवा में,

निदेशक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान
लखनऊ।

महोदय,

1. मैं————————————————मोहल्ला/कालोनी————————————————————————————————जोन———वार्ड सं0————का निवासी हूँ।
2. मैं बड़े मंगल पर प्रसाद वितरण समारोह का/की मुख्य आयोजक हूँ।
3. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि समारोह का आयोजन संस्थान द्वारा निर्धारित किये गये स्थान/क्षेत्र————————————————————————(गेट नंबर 2 के निकास "(एग्जिट) साइड" स्थित "शेड क्षेत्र" अथवा एपेक्स ट्रॉमा सेंटर (ATC) के गेट नंबर 2) में ही करूंगा/करूंगी।
4. समारोह के आयोजन के संबंध में कार्यालय आदेश सं0–पी0 जी0 आई0/मुख्य चिकि0 अधी0/अधि0/3597/2026 दिनांक 10 जून, 2026 में उल्लिखित शर्तों/मानक संचालन प्रकिया (Standard Operating Procedure) का अक्षरशः पालन करूंगा/करूंगी तथा विचलन की स्थिति में संस्थान द्वारा लिया गया निर्णय, मुझ पर बाध्यकारी होगा।

आयोजक के हस्ताक्षर
आयोजक का नाम————————————
पदनाम——————————————
कर्मचारी पहचान संख्या————————————
विभाग का नाम——————————————